



# किसानों की जिंस में 300 ग्राम प्रति क्विंटल कटौती

**खास बातें**
- एजेएस ओवरसीज पर गिरी गाज
- मंडी प्रशासन ने खरीदी पर लगाई रोक

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 3 फरवरी, कृषि उपज मंडी में किसानों की मेहनत पर खुलेआम डाका डालने के मामले में आखिरकार मंडी प्रशासन को सख्ती करनी पड़ी. किसानों से प्रति क्विंटल 300 ग्राम अतिरिक्त जिंस तोलने और अवैध वसूली के आरोपों में एजेएस ओवरसीज कंपनी की खरीदी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है.**




मामला ग्राम करारिया लश्करपुर निवासी किसान शरीफ अहमद की शिकायत से सामने आया. किसान ने बताया कि उनकी गेहूं (किस्म 1544) की उपज 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी गई, लेकिन नीलामी के बाद मंडी के बाहर कंपनी के मिल एवं व्यक्तिगत स्थान पर तौल कर जानबूझकर अतिरिक्त कठौता किया गया. इससे किसान को सीधा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा. शिकायत की जांच के बाद मंडी सचिव ने कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया, लेकिन एजेएस ओवरसीज द्वारा दिया गया जवाब पूरी तरह असंतोषजनक पाया गया. इसके बाद मंडी सचिव ने 3 फरवरी से आगामी आदेश तक कंपनी की जिंस खरीदी पर रोक लगाने के आदेश जारी किए.

मिर्जापुर क्षेत्र स्थित नवीन कृषि उपज मंडी में यह कोई पहला मामला नहीं है. नीलामी के बाद उपज को व्यापारियों के निजी मिलों एवं अन्य स्थानों पर तौल कराया जा रहा है, जहां किसानों से अतिरिक्त तौल, कठौता और हम्माली के नाम पर खुली वसूली की जा रही है. किसान लंबे समय से इस लूट के खिलाफ आवाज उठा रहे थे. कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने साफ शब्दों में कहा है कि किसानों की उपज की तौल केवल कृषि उपज मंडी परिसर में ही होगी. नियमों के उल्लंघन पर संबंधित व्यापारियों और फर्मों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.



## श्रीरामलीला में हुआ मेघनाद वध व सुलोचना सती

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 3 फरवरी, श्री रामलीला मे आज लंकाधीश रावण के भाई कुम्भकरण के वध के पश्चात अति प्रिय पुत्र मेघनाथ का वध एवं सुलोचना सती की लीला सम्पन्न हुई.**



कुम्भकरण की मृत्यु का समाचार सुनकर लंका में घबराहट होगी रावण अति चिंतित होगा तब मेघनाथ अति कोध में आकर युद्ध के लिये रणभूमि में आयेगा और श्री राम-लक्ष्मण एवं मेघनाथ के बीच घमासान युद्ध होगा। युद्ध के अन्त में मेघनाथ श्री राम लक्ष्मण को नागपाश में बांधा और इससे पूरी बानर सेना स्तब्ध रह जायेगी देवतागण भी घबरायेंगे तभी विष्णु भगवान के वाहन गरूड़जी आयेंगे और नागपाश को काटेंगे व श्रीराम की स्तुति कर अपने धाम को वापिस गए. इधर युद्ध में विजय प्राप्ति हेतु मेघनाथ यज्ञ किया तब हनुमान जी जाकर यज्ञ का विध्वंश कर दिया. यज्ञ सम्पन्न न होने पर मेघनाथ कोधित होकर सेना के साथ पुन: युद्ध के लिये आया और हनुमान जी से युद्ध किया लक्ष्मणजी श्रीराम से आज्ञा लेकर युद्ध के लिये प्रस्थान किया. व लक्ष्मणजी व मेघनाथ के बीच भीषण युद्ध हुआ, लक्ष्मण जी उसका वध करके उसकी भुजा को लंका में भेजा. जिससे पूरी लंका में शोक छा गया. सुलोचना अपने मृत पति का मस्तक लेने के लिये श्रीराम के शिविर में आईं मेघनाथ का अंतिम संस्कार हुआ इसके उपरांत अंतिम आरती की गई.


**!! जाहिर सूचना !!**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे मेरे श्री सुधीर श्रीवास्तव पुत्र श्री कैलाश नारायण जी श्रीवास्तव निवासी गांधी चौक नीमताल विदिशा द्वारा अधिकृत कर निर्देशित किया है कि में निम्नानुसार जाहिर सूचना का प्रकाशन करु। अत: में अपने पक्षकार द्वारा दी गई जानकारी व निर्देशानुसार निम्नानुसार सूचित करता हूँ कि कस्वा विदिशा. तहसील जिला विदिशा नगर पालिका सीमा के बाहर की आराजी क्र. 503/2 मिन 1 रक्बा 1.254 हे में से 0.418 है. भूमि जिसके पूर्व में शासकीय गोहा पश्चिम में शासकीय भूमि व नाला उत्तर में भूमि ओमप्रकाश जो रुपसिंह को विक्रय की गई तथा दक्षिण में भूमि विक्रेता ओम प्रकाश वछेरिया की भूमि, को जरये रजि. विक्रयपत्र दिनांक 18.03.2015 को क्रय कर आधिपत्य प्राप्त किया था जिसका वर्तमान नं. आराजी क. 506/2/1/2 रक्बा 0.418 है. इस प्रकार मेरे पक्षकार द्वारा जिन चतुरसीमाओं की भूमि श्री ओमप्रकाश वछेरिया से क्रय कर आधिपत्य प्राप्त किया था उस पर अपना नामांतरण व वटंवारा कराकर डायवर्सन आदि श्री ओमप्रकाश वछेरिया के ज्ञान व जानकारी में कराया है। उक्त सभी कार्यवाहीयों मौके पर स्वत्व व आधिपत्य के मान से की जाकर सक्षम पटवारी/राजस्य अधिकारी द्वारा मौका मुआयना कर मेरे पक्षकार के पक्ष में नामांतरण वंटवारा व डायवर्सन की कार्यवाही संपादित की गई है। इस प्रकार मेरा पक्षकार उक्त वर्णित भूमि पर क्रय दिनांक से वहेसियत स्वामी काविज है व इसी आधार पर मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त भूमि के भूखण्डों को विभिन्न व्यक्तिओं को विक्रय किऐ हैं व आधिपत्य हस्तांतरित किया है जिनका नामंरतण भी राजस्व दस्तावेजो में हो गया है।

परंतु मेरे पक्षकार को विदित हुआ कि श्री ओम प्रकाश वछेरिया व उसके पुत्रों द्वारा जो भूमि मेरे पक्षकार को विक्रय की गई है तथा जिस पर मेरे पक्षकार द्वारा प्लाटिंग की गई है को स्वयं के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि वताकर लोगों को वरगला रहे है। जवकी ऐसा नहीं है मेरे पक्षकार के पास सम्पूर्ण विधिक दस्तावेज हैं जिनके आधार पर उसके द्वारा भूमि को क्रय किया है। नामांतरण कराया वंटवारा कराया तथा डायवर्सन भी कराया है। श्री ओमप्रकाश वछेरिया द्वारा अवैधानिक रुप से मेरे पक्षकार के स्वामित्व की भूमि को स्वयं की वताकर लोगो को भड़काने का कार्य किया जा रहा है। श्री ओमप्रकाश वछेरिया का उक्त कृत्य अवैधानिक होकर दण्डनीय है। यदि ओम प्रकाश वछेरिया मेरे पक्षकार के पास उपलव्ध किसी दस्तावेज को चैलेंज करना चाहता है तो इसके लिऐ वह विधिक कार्यवाही करने स्वतंत्र है। परंतु आज दिनांक तक श्री ओम प्रकाश वछेरिया के पुत्र आदित्य एंव अनुराग द्वारा उक्त वावत कोई वैधानिक कार्यवाही ना कर धमकी देने का कार्य किया जा रहा है जो गलत है।

मेरा पक्षकार जाहिर सूचना प्रकाशन के साथ ही श्री ओमप्रकाश वछेरिया के पुत्र आदित्य एंव अनुराग के विरूद्ध हर किस्मी दीवानी व फोजदारी कार्यवाही भी कर रहा है। अत: सूचित हो। दिनांक 03.02.26

भवदीय
**दीपक कुमार गर्ग एड्वोकेट**
146 शास्त्री नगर विदिशा
मोबाईल नं. 98270-46355


## मध्य प्रदेश प्रांतीय श्रीपण्डित सभा महाधिवेशन 4 को

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, बैकुण्ठधाम श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सावरकर बाल बिहार, विदिशा में धर्मगुरु धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री के संयोजकत्व में 4 फरवरी 2026, बुधवार, को दोपहर 12 बजे से मध्य प्रदेश प्रांतीय श्री पण्डित सभा, अखिल भारतवर्षीय धर्मसंघ का वार्षिक महाधिवेशन एवं एवं बैकुण्ठधाम श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर रजत जयन्ती समारोह आयोजित किया गया है.**

विक्रम संवत् 2083 से प्रारंभ नए वर्ष के व्रत, पर्व एवं त्यौहारों का काशी वाराणसी के पंचांगों से विद्वानों द्वारा धर्म शास्त्रीय निर्णय एवं धार्मिक प्रश्नों के शास्त्रीय समाधान के साथ सम्पूर्ण भारत वर्ष में स्लाटर हॉउस स्थाई रूप से बंद करने, गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने, गौशालाओं को एक रुपये किलो भूसा (चारा) उपलब्ध कराने एवं गौ संरक्षण हेतु गोचर भूमि को सुरक्षित करने, जीसी एक्ट 2026 पर पूर्ण रूप से समाप्त करने, पवित्र नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने, पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षों की रक्षा करने आदि प्रस्ताव शासन को भेजने हेतु अनुमोदित किये जावेंगे. महाधिवेशन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से विद्वानो को आमंत्रित किया गया है.

## मॉल के बढ़ते कल्चर से व्यापारियों में टेंशन

**डी मार्ट का किया विरोध एकजुट हुए व्यापारी**

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** शहर में बढ़ते मॉल से व्यापारियों ने टेंशन है. मॉल कल्चर के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए व्यापारी विरोध में उतर आए हैं. मंगलवार को व्यापार महासंघ के बैनर तले व्यापारियों ने डी मार्ट का विरोध किया इस दौरान व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मुन्नालाल जैन ने बताया की ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां कॉस्ट कटिंग एवं ज्यादा एमआरपी लगवा कर उपभोक्ता को एमआरपी पर डिस्काउंट देती है जिससे उपभोक्ता भ्रमित होता है




मध्य प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया की एमआरपी और एनआर का कानून भी आना चाहिए मैक्सिमम रिटेल प्राइस एवं नॉमिनल रिटेल प्राइस ताकि व्यवसायिक क्षेत्र में एक मार्जिन सेट हो सके कंपनियों की आगामी योजना विदिशा शहर में 6 मिनी स्टोर खोलने की भी है आशीष माहेश्वरी पार्षद ने बताया एक दुकान पर करीब 6 लोगों का स्टाफ होता है अगर ऐसे बड़े स्मार्ट छोटे शहरों में आएंगे तो बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होगी महासंघ के उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने बताया की ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां अनेक प्रॉब्लम देकर उपभोक्ताओं को अपनी ओर खींचती हैं एवं बाद में रेट बढ़ा देती हैं महासंघ के पूर्व महामंत्री घनश्याम बंसल ने कहा कि आगामी पीढ़ी को व्यवसाय करने में अनेक समस्या उत्पन्न होगी वक्त और समय है की शान की व्यापारियों के लिए जो नीति हैं उसमें संशोधन होना चाहिए महासंघ पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बताया विदिशा की पापुलेशन अभी इतनी नहीं की डी मार्ट जैसी बड़े मॉल यहां पर खोलें.

## जनसंघ के वरिष्ठ नेता साहू का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेई की जन्म शताब्दी बर्ष के अवसर पर विदिशा जिले में जनसंघ के बरिष्ठ कार्यकर्ताओं का घर घर जाकर सम्मान किये जाने का क्रम जारी है. भाजपा की ओर से बताया गया कि जनसंघ के कार्यकाल में संगठन निर्माण, वैचारिक संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में अपना योगदान देने बाले पुराने कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना उद्धेष्य रहा है.

## 50 आम के पौधों से सजाई धरती मां

**पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधारोपण अभियान**

**नवभारत न्यूज,**
**गंजबासौदा,** सोमवार को पंचतत्व संरक्षण समिति द्वारा ग्राम देरखी में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समिति के सदस्य कैलाश अहिरवार के कृषि भूमि में 50 फलदार आम के पौधों का पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम स्थानीय लोगों के अलावा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, राजेंद्र व्यास, जगदीप सिंह, विजय ठाकुर, प्रमोद जैन, अशोक भावसार, राकेश पुरोहित और प्रमोद सिंह राजपूत द्वारा पौधे लगाए गए. ज्ञात हो यह 50 पौधे पर्यावरण संतुलन रखने की दिशा में कार्य करने बाली समिति पंचतत्व के सदस्य डॉ. जितेंद्र सिंह और प्रमोद जैन द्वारा प्रदान किए गए हैं.




इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि पौधारोपण का मुख्य उद्देश्य हरियाली बढ़ाना और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है. कार्यक्रम में उपस्थित प्रमोद सिंह ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए. अंत में समिति के सदस्यों ने आयोजनकर्ता जनपद सदस्य धीरज सिंह अहिरवार को लगाए गए पौधों की देखभाल का संकल्प दिलाया.

**प्रदर्शन** | **सर्व सवर्ण समाज विदिशा ने निकाला जुलूस, किया यूजीसी एक्ट का पुरजोर विरोध**

## छात्रों का है कहना हमें दोस्ती चाहिए वैमनस्यता नहीं

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, यूजीसी द्वारा लागू काले कानून यूजीसी एक्ट 2026 के खिलाफ देश में चल रहे विरोध के क्रम में विदिशा सवर्ण समाज ने भी सड़कों पर उतर कर सभी के सहयोग से काले कानून के विरोध में एक जुलूस निकाला. माधवगंज से प्रारंभ कर शहर के मुख्य मार्ग से होता हुआ नीमताल तक निकला जिसमें यूजीसी रोलबैक, यूजीसी काला कानून वापस लो, हम अपना अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते, जब जब सवर्ण बोला है राज सिंहासन डोला है आदि के नारे लगाए जा रहे थे. इससे पूर्व माधवगंज पर तीन दोस्त आए जोकि एससी, ओबीसी ओर सामान्य वर्ग से होकर मंच से बोले कि हमें भेदभाव रहित दोस्ती चाहिए है.**




यूजीसी जैसे भेदभाव पैदा करने वाला कानून नहीं तो वहीं वक्ताओं द्वारा यूजीसी के काले कानून का पुरजोर विरोध एक स्वर में किया और सरकार द्वारा कानून वापस ना लेने तक चरणबद्ध आंदोलन चलाए जाने की घोषणा की. जिसके तहत राजनेताओं का वोट लेकर सवर्ण समाज के खिलाफ कानून लाने के लिए विरोध सहित धरना, प्रदर्शन, बंद आयोजन जैसे कार्यक्रम सभी के साथ मिलकर सर्व सवर्ण समाज विदिशा के बैनर तले आयोजित करने का भी सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया जिससे कि महाविद्यालयों में सामाजिक सदभाव के भयमुक्त माहौल में प्रतिभाशाली छात्रों को पढ़ाई का माहौल मिले और छात्रों में जातिगत भेदभाव से अलग उच्च क्वालिटी के विकसित भारत के इंजीनियर, डाक्टर, वैज्ञानिक, उधोगपति बन सके प्रतिभाओं को संरक्षण मिले, शिक्षा के मंदिरों का स्वस्थ वातावरण हो जहां दलगत राजनीति का दलदल नहीं अच्छे होनहार विद्यार्थियों की एकता हो जिससे भारत और अधिक सशक्त बन सकें. नीमताल विदिशा पर जुलूस का विश्राम हुआ वहीं पर जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में एसडीएम क्षितिज शर्मा ने सवर्ण समाज के सभी उप वर्गीय अध्यक्षों एवं महिला मंडल सदस्यों से ज्ञापन ग्रहण किया ज्ञापन का वाचन विजय दीक्षित द्वारा किया गया. रैली में मुख्य रूप से शिक्षाविद शोभा जैन, ज्योति शाह, सीमा सोलंकी, पूनम सिसौदिया, मोना राजपूत, ममता जैन , सीमा जैन ,आरती सिंघई, राखी जैन, शीला जैन, संगीता जैन, आशी जैन, नीतू जैन, रश्मि सावला, रानी जैन, मेघना जैन, रितिका जैन, प्रियंका, काजल, नेहा जैन, सोनम जैन, डॉ. शांतिलाल पीतलिया, शैलेंद्र जैन, मोहर सिंह रघुवंशी , राजा अनिरुद्ध प्रताप सिंह, लोकेंद्र राजपूत , अजय श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, रणवीर सिंह राजपूत, दातार सिंह राजपूत , संजय पुरोहित , संजीव शर्मा, अतुल तिवारी, मानवेंद्र शर्मा, प्रशांत शर्मा, रविकांत शर्मा, विवेक शर्मा, संजय तिवारी, प्रमेंद्र शर्मा, बंटी महाराज, अशोक अग्रवाल,दीवान मंगवानी आदि सहित सवर्ण समाज के अनेकानेक काले कानून का विरोध करने उपस्थित थे.


